पावर ग्रिड कारपोरेशन को मदद देगा एशियाई विकास बैंक

drishtiias.com/hindi/printpdf/asian-development-bank-to-aid-power-grid-corporation

समाचारों में क्यों?

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन को सौर बिजली पारेषण नेटवर्क के विस्तार की परियोजना के लिये 17.5 करोड़ डॉलर का ऋण मंजूर किया है जिससे देश में अधिक स्वच्छ उर्जा की आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी।एडीबी के एक बयान के मुताबिक इससे नई सौर उर्जा पार्क परियोजनाओं की बिजली के पारेषण की अंतरराज्यीय प्रणालियों की क्षमता और दक्षता में सुधार होगा।

क्यों महत्त्वपूर्ण है यह घटनाक्रम?

एशियाई विकास बैंक द्वारा पावर ग्रिड की परियोजना को ऋण मिलना इसलिये महत्त्वपूर्ण है क्योंकि पावर ग्रिड की परियोजना का लक्षय अंतरराज्यीय पारेषण की क्षमता और कुशलता को आने वाले वर्षों में और भी बेहतर बनाना है। इसके अलावा पावर ग्रिड की परियोजना के अंतर्गत दो उप-परियोजनाओं के माध्यम से हर साल 4200 मेगावाट सौर उर्जा का उत्पादन के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जन में सात लाख टन की कटौती का भी लक्षय निर्धारित किया गया है।

क्या है एशियाई विकास बैंक ?

एशियाई विकास बैंक एक बहुपक्षीय वित्तीय संस्था है। इस बैंक की स्थापना एशिया और प्रशान्त क्षेत्रों में आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से वर्ष 1966 में की गई थी, जिसका मुख्यालय फिलिपींस के मनीला में है। यह बैंक क्षेत्रीय, उप-क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय परियोजनाओं को प्राथमिकता देता है। सामाजिक और पर्यावरण परियोजनाओं को सहायता प्रदान करने पर बैंक का विशेष ध्यान रहता है।

एडीबी की प्रमुख गतिविधियाँ हैं-

विकास परियोजनाओं और कार्यक्रमों के लिये वित्तीय और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।

आर्थिक विकास के लिये लोक एवं निजी पूंजी निवेश को प्रोत्साहन देना।

विकासशील सदस्य-राष्ट्रों की विकास योजनाओं और नीतियों के समन्वय में सहायता प्रदान करना।